ज़रा सिर खुजलाइए



भाग:3 डॉ जोखिम श्वेतु के दक्षिणी ध्रुव से 11.59 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वृत्त पर किसी भी बिन्दु से शुरू कर सकते हैं। वहां से 10 किलोमीटर दक्षिण जाने पर वे दक्षिणी ध्रुव से 1.59 (यानी $5/\pi$) किलोमीटर की दूरी पर स्थित किसी स्थान पर पहुंच जाएंगे। अब वे 10 किलोमीटर पूर्व की ओर जाने पर दक्षिणी ध्रुव का एक पूरा चक्कर लगा लेंगे। क्योंकि यहां पर $2\pi R = 2\pi \times 5/\pi = 10$ किलोमीटर। फिर 10 किलोमीटर उत्तर की ओर जाने पर अपने शुरुआती स्थान पर वापस पहुंच जाएंगे।

इस तरह सहायता दल ने डॉ घोलू और उनके साथियों को सही वक्त पर ढूंढकर उनकी जान बचा ली। वापस लौटते समय डॉ. डॉली को अचानक ख्याल आया कि श्वेतु ग्रह पर एक और जगह हो सकती है जहां से अपनी यात्रा शुरू करने पर डॉ घोलू के दिशा निर्देशों का पालन होता था!

– क्या आप यह तीसरी जगह ढूंढ सकते हैं?

भाग:4 देखिए पृष्ठ क्रमांक 66 पर।